Chapter
9
सारणिक तथा आव्यूह

सारणिक

परिभाषा (Definition)

माना तीन समघातीय रैखिक समीकरण

$$a_1x+b_1y+c_1z=0\ ,\ a_2x+b_2y+c_2z=0$$

तथा $a_3x+b_3y+c_3z=0$ हैं।

उपर्युक्त तीनों समीकरणों से *x, y, z* का विलोपन करने पर,

$$a_1(b_2c_3-b_3c_2)-b_1(a_2c_3-a_3c_2)+c_1(a_2b_3-a_3b_2)=0 \quad .....(i)$$

समीकरण (i) के बाँयें पक्ष को $\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$

= $a_1\begin{vmatrix} b_2 & c_2 \\ b_3 & c_3 \end{vmatrix}-b_1\begin{vmatrix} a_2 & c_2 \\ a_3 & c_3 \end{vmatrix}+c_1\begin{vmatrix} a_2 & b_2 \\ a_3 & b_3 \end{vmatrix}$ से प्रदर्शित किया जा सकता है। इस सारणिक में तीन पंक्तियाँ व तीन स्तम्भ हैं, अतः इसे तृतीय कोटि का सारणिक कहते हैं।

द्वितीय कोटि के सारणिक में अवयवों की संख्या = $2^2=4$ व तृतीय कोटि के सारणिक में अवयवों की संख्या = $3^2=9$ होती है।

सारणिक की पंक्तियाँ व स्तम्भ (Rows and columns of a determinant) : किसी सारणिक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय क्षैतिज रेखाओं को सारणिक की पंक्तियाँ कहते हैं, इन्हें क्रमशः R_1, R_2 व R_3 से प्रदर्शित करते हैं तथा पहली, दूसरी व तीसरी ऊर्ध्वाधर रेखाओं को सारणिक के स्तम्भ कहते हैं। इन्हें क्रमशः C_1, C_2 व C_3 से प्रदर्शित करते हैं।

सारणिक के गुणधर्म (Properties of determinants)

P-1 : यदि किसी सारणिक की पंक्तियों तथा स्तम्भों को परस्पर परिवर्तित किया जाये तो सारणिक के मान में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

चूँकि पंक्तियों तथा स्तम्भों को परस्पर परिवर्तित करने पर सारणिक अपरिवर्तित रहता है, इसलिए कोई भी प्रमेय (Theorem) यदि पंक्तियों के लिए सत्य है, तो स्तम्भों के लिए भी सत्य होगी।

P-2 : यदि किसी सारणिक की किन्हीं दो पंक्तियों (या स्तम्भों) को परस्पर परिवर्तित किया जाये, तो सारणिक का आंकिक मान अपरिवर्तित रहता है, किन्तु चिन्ह परिवर्तित हो जाता है।

P-3 : यदि किसी सारणिक की दो पांक्तियाँ (या स्तम्भ) सर्वसम हों, तो इसका मान शून्य होगा।

P-4 : यदि किसी सारणिक की किसी पंक्ति (या स्तम्भ) के सभी अवयवों को किसी संख्या से गुणा किया जाये, तो सारणिक के मान में भी उस संख्या से गुणा हो जाता है।

P-5 : यदि किसी पंक्ति (या स्तम्भ) के प्रत्येक अवयव को दो पदों के योग के रूप में व्यक्त किया जाये, तो सारणिक को दो सारणिक के योग के रूप में व्यक्त किया जा सकता है।

उदाहरणार्थ: $\begin{vmatrix} a_1+x & b_1+y & c_1+z \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}=\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}+\begin{vmatrix} x & y & z \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$

P-6 : यदि सारणिक की किसी पंक्ति (स्तम्भ) के प्रत्येक अवयव में किसी दूसरी पंक्ति (स्तम्भ) के संगत अवयवों को किसी एक ही राशि से गुणा करके जोड़ें या घटायें, तो सारणिक का मान नहीं बदलता है।

उदाहरणार्थ: $D=\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$

तथा $D'=\begin{vmatrix} a_1+ma_2 & b_1+mb_2 & c_1+mc_2 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3-na_1 & b_3-nb_1 & c_3-nc_1 \end{vmatrix}$, तो $D'=D$.

P-7 : यदि किसी सारणिक में मुख्य विकर्ण के नीचे या मुख्य विकर्ण के ऊपर या मुख्य विकर्ण के अवयवों को छोड़कर सभी अवयव शून्य हों, तो सारणिक का मान मुख्य विकर्ण के अवयवों के गुणनफल के बराबर होता है।

P-8 : यदि किसी सारणिक में $x=\alpha$ रखने पर सारणिक का मान शून्य हो जाता है, तो $(x-\alpha)$, सारणिक का एक गुणनखण्ड होगा।

P-9 : सारणिकों की संक्रियाओं में यह ध्यान दिया जाये कि कम से कम एक पंक्ति (या स्तम्भ) अपरिवर्तित रहे, या अधिकतम संक्रियाओं की संख्या = सारणिक की कोटि –1.

P-10 : यह ध्यान देने की आवश्यकता है, कि जब किसी पंक्ति (या स्तम्भ) को किसी अशून्य राशि से गुणा कर परिवर्तित किया जाता है, तो सारणिक उस संख्या से विभाजित होता है।

उपसारणिक तथा सहखण्ड (Minors and Cofactors)

(1) **अवयव का उपसारणिक** (Minor of an element) **:** किसी सारणिक के किसी अवयव पर प्रतिच्छेदित होने वाले स्तम्भ तथा पंक्ति का विलोपन करने पर प्राप्त सारणिक, दिए गए अवयव का उपसारणिक कहलाता है। इसे M_{ij} से निरूपित करते हैं।

यदि सारणिक $\Delta = \begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$, तो उपसारणिकों का सारणिक

$M = \begin{vmatrix} M_{11} & M_{12} & M_{13} \\ M_{21} & M_{22} & M_{23} \\ M_{31} & M_{32} & M_{33} \end{vmatrix}$ होगा।

जहाँ $M_{11} = a_{11}$ का उपसारणिक $= \begin{vmatrix} a_{22} & a_{23} \\ a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$, $M_{12} = a_{12}$ का उपसारणिक $= \begin{vmatrix} a_{21} & a_{23} \\ a_{31} & a_{33} \end{vmatrix}$, $M_{13} = a_{13}$ का उपसारणिक $= \begin{vmatrix} a_{21} & a_{22} \\ a_{31} & a_{32} \end{vmatrix}$

इसी प्रकार दूसरे अवयवों के उपसारणिक ज्ञात किये जा सकते हैं। इनका उपयोग करने पर सारणिक का मान

$$\Delta = a_{11}M_{11} - a_{12}M_{12} + a_{13}M_{13}$$

या $\Delta = -a_{21}M_{21} + a_{22}M_{22} - a_{23}M_{23}$

या $\Delta = a_{31}M_{31} - a_{32}M_{32} + a_{33}M_{33}$.

(2) **अवयव का सहखण्ड** (Cofactor of an element) **:** किसी अवयव a_{ij} (अर्थात् i वीं पंक्ति व j वें स्तम्भ का अवयव) का सहखण्ड उस अवयव के उपसारणिक का $(-1)^{i+j}$ गुना होता है। इसे C_{ij} या A_{ij} या F_{ij} द्वारा व्यक्त करते हैं तथा $C_{ij} = (-1)^{i+j} M_{ij}$.

यदि $\Delta = \begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$, तो सहखण्डों का सारणिक

$C = \begin{vmatrix} C_{11} & C_{12} & C_{13} \\ C_{21} & C_{22} & C_{23} \\ C_{31} & C_{32} & C_{33} \end{vmatrix}$ होगा

जहाँ, $C_{11} = (-1)^{1+1} M_{11} = +M_{11}$, $C_{12} = (-1)^{1+2} M_{12} = -M_{12}$

तथा $C_{13} = (-1)^{1+3} M_{13} = +M_{13}$

इसी प्रकार हम दूसरे अवयवों के सहखण्ड प्राप्त कर सकते हैं।

दो सारणिकों का गुणनफल (Product of two determinants)

माना तृतीय कोटि के दो सारणिक $D_1 = \begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$ तथा

$D_2 = \begin{vmatrix} \alpha_1 & \beta_1 & \gamma_1 \\ \alpha_2 & \beta_2 & \gamma_2 \\ \alpha_3 & \beta_3 & \gamma_3 \end{vmatrix}$ हैं। माना इनका गुणनफल D है।

तब $D = \begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix} \times \begin{vmatrix} \alpha_1 & \beta_1 & \gamma_1 \\ \alpha_2 & \beta_2 & \gamma_2 \\ \alpha_3 & \beta_3 & \gamma_3 \end{vmatrix}$

$$= \begin{vmatrix} a_1\alpha_1 + b_1\beta_1 + c_1\gamma_1 & a_1\alpha_2 + b_1\beta_2 + c_1\gamma_2 & a_1\alpha_3 + b_1\beta_3 + c_1\gamma_3 \\ a_2\alpha_1 + b_2\beta_1 + c_2\gamma_1 & a_2\alpha_2 + b_2\beta_2 + c_2\gamma_2 & a_2\alpha_3 + b_2\beta_3 + c_2\gamma_3 \\ a_3\alpha_1 + b_3\beta_1 + c_3\gamma_1 & a_3\alpha_2 + b_3\beta_2 + c_3\gamma_2 & a_3\alpha_3 + b_3\beta_3 + c_3\gamma_3 \end{vmatrix}$$

हम पंक्ति को स्तम्भ से या स्तम्भ को पंक्ति से या स्तम्भ को स्तम्भ से भी गुणा कर सकते हैं।

सारणिकों का अवकलन व समाकलन (Differentiation and Integration of determinants)

(1) **सारणिक का अवकलन** (Differentiation of a determinant) **:** (i) माना $\Delta(x)$, कोटि 2 का एक सारणिक है। यदि $\Delta(x) = |C_1 \quad C_2|$, जहाँ C_1 व C_2 प्रथम व द्वितीय स्तम्भ को व्यक्त करते हैं, तो $\Delta'(x) = |C'_1 \quad C_2| + |C_1 \quad C'_2|$

जहाँ C'_i, i वें स्तम्भ में स्थित सभी फलनों का अवकलज प्रदर्शित करता है। इसी प्रकार, यदि $\Delta(x) = \begin{vmatrix} R_1 \\ R_2 \end{vmatrix}$, तो $\Delta'(x) = \begin{vmatrix} R'_1 \\ R_2 \end{vmatrix} + \begin{vmatrix} R_1 \\ R'_2 \end{vmatrix}$

(ii) माना $\Delta(x)$ एक तृतीय कोटि का सारणिक है तथा $\Delta(x) = |C_1 \quad C_2 \quad C_3|$, तो

$$\Delta'(x) = |C'_1 \quad C_2 \quad C_3| + |C_1 \quad C'_2 \quad C_3| + |C_1 \quad C_2 \quad C'_3|$$

इसी प्रकार, यदि $\Delta(x) = \begin{vmatrix} R_1 \\ R_2 \\ R_3 \end{vmatrix}$, तो $\Delta'(x) = \begin{vmatrix} R'_1 \\ R_2 \\ R_3 \end{vmatrix} + \begin{vmatrix} R_1 \\ R'_2 \\ R_3 \end{vmatrix} + \begin{vmatrix} R_1 \\ R_2 \\ R'_3 \end{vmatrix}$

(iii) यदि केवल एक पंक्ति (या स्तम्भ) के अवयव x के फलन हैं तथा अन्य पंक्तियों (या स्तम्भों) के अवयव नियतांक हों, अर्थात् यदि

$$\Delta(x) = \begin{vmatrix} f_1(x) & f_2(x) & f_3(x) \\ b_1 & b_2 & b_3 \\ c_1 & c_2 & c_3 \end{vmatrix},$$

तब $\Delta'(x) = \begin{vmatrix} f'_1(x) & f'_2(x) & f'_3(x) \\ b_1 & b_2 & b_3 \\ c_1 & c_2 & c_3 \end{vmatrix}$ एवं व्यापक रूप में,

$$\Delta^n(x) = \begin{vmatrix} f_1^n(x) & f_2^n(x) & f_3^n(x) \\ b_1 & b_2 & b_3 \\ c_1 & c_2 & c_3 \end{vmatrix},$$

जहाँ n कोई धनात्मक पूर्णांक है और $f^n(x)$ का अर्थ है, $f(x)$ का n वां अवकलज।

(2) **सारणिक का समाकलन** (Integration of a determinant) माना $\Delta(x) = \begin{vmatrix} f(x) & g(x) & h(x) \\ a & b & c \\ l & m & n \end{vmatrix}$, जहाँ a, b, c, l, m तथा n नियतांक हैं

$$\Rightarrow \int_a^b \Delta(x)dx = \begin{vmatrix} \int_a^b f(x)dx & \int_a^b g(x)dx & \int_a^b h(x)dx \\ a & b & c \\ l & m & n \end{vmatrix}$$

• यदि एक से अधिक पंक्तियों या स्तम्भों के अवयव x के फलन हों, तो समाकलन के लिए सारणिक का मान ज्ञात करना/विस्तार आवश्यक है।

रैखिक समीकरणों के निकाय के हल के लिए सारणिकों का अनुप्रयोग (Application of determinants in solving a system of linear equations)

(1) **तीन चरों में रैखिक समीकरणों के निकाय का क्रैमर नियम से हल :** युगपत् रैखिक समीकरणों के निकाय

$a_1x+b_1y+c_1z=d_1$ .....(i)

$a_2x+b_2y+c_2z=d_2$ .....(ii)

$a_3x+b_3y+c_3z=d_3$ .....(iii)

का हल $x=\dfrac{D_1}{D}$, $y=\dfrac{D_2}{D}$ तथा $z=\dfrac{D_3}{D}$ होगा,

जहाँ $D=\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$, $D_1=\begin{vmatrix} d_1 & b_1 & c_1 \\ d_2 & b_2 & c_2 \\ d_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}$,

$D_2=\begin{vmatrix} a_1 & d_1 & c_1 \\ a_2 & d_2 & c_2 \\ a_3 & d_3 & c_3 \end{vmatrix}$ तथा $D_3=\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & d_1 \\ a_2 & b_2 & d_2 \\ a_3 & b_3 & d_3 \end{vmatrix}$, जबकि $D\neq 0$

(2) **समीकरणों के संगत होने के लिए प्रतिबन्ध** (Conditions for consistency) **:** तीन अज्ञात राशियों में 3 युगपत् रैखिक समीकरणों के निकाय के लिए, (i) यदि $D\neq 0$, तो दिए गए समीकरणों का निकाय संगत होगा तथा इसका एक अद्वितीय हल, $x=\dfrac{D_1}{D}$, $y=\dfrac{D_2}{D}$ तथा $z=\dfrac{D_3}{D}$ होगा।

(ii) यदि $D=0$ तथा $D_1=D_2=D_3=0$, तो दिए गए समीकरणों का निकाय संगत होगा, जिसके अनन्त हल होंगे।

(iii) यदि $D=0$ तथा D_1, D_2, D_3 में से कम से कम एक अशून्य है, तो दिए गए समीकरणों का निकाय असंगत होगा।

• समघातीय समीकरणों का निकाय $a_1x+b_1y+c_1z=0$, $a_2x+b_2y+c_2z=0$, $a_3x+b_3y+c_3z=0$ सदैव संगत होता है। यदि $\Delta=\begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix}\neq 0$, तो इस निकाय का अद्वितीय हल $x=y=z=0$ होगा, जिसे तुच्छ (trivial) हल कहते हैं। किन्तु यदि $\Delta=0$, तो इन निकाय के अनन्त हल होंगे। अतः अतुच्छ (non-trivial) हल के लिए, $\Delta=0$.

कुछ विशेष सारणिक (Some special determinants)

(1) **सममित सारणिक** (Symmetric determinant) **:** एक सारणिक सममित सारणिक होगा, यदि इसके सभी अवयवों के लिए, $a_{ij}=a_{ji}, \forall\, i, j$.

उदाहरणार्थ : $\begin{vmatrix} a & h & g \\ h & b & f \\ g & f & c \end{vmatrix}$

(2) **विषम–सममित सारणिक** (Skew-symmetric determinant) **:** एक सारणिक विषम-सममित सारणिक होगा, यदि इसके सभी अवयवों के लिए, $a_{ij}=-a_{ji}, \forall\, i, j$ ***उदाहरणार्थ*** : $\begin{vmatrix} 0 & 3 & -1 \\ -3 & 0 & 5 \\ 1 & -5 & 0 \end{vmatrix}$

• किसी विषम-सममित सारणिक का प्रत्येक विकर्ण-अवयव शून्य होता है।

• सम कोटि के प्रत्येक विषम-सममित सारणिक का मान सदैव एक पूर्ण वर्ग होता है तथा विषम कोटि के प्रत्येक विषम-सममित सारणिक का मान सदैव शून्य होता है।

(3) **चक्रीय क्रम** (Cyclic order) **:** यदि पंक्तियों (या स्तम्भों) के अवयव चक्रीय क्रम में हों। अर्थात्,

(i) $\begin{vmatrix} 1 & a & a^2 \\ 1 & b & b^2 \\ 1 & c & c^2 \end{vmatrix}=(a-b)(b-c)(c-a)$

(ii) $\begin{vmatrix} a & b & c \\ a^2 & b^2 & c^2 \\ bc & ca & ab \end{vmatrix}=\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ a^2 & b^2 & c^2 \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix}$

$=(a-b)(b-c)(c-a)(ab+bc+ca)$.

(iii) $\begin{vmatrix} a & bc & abc \\ b & ca & abc \\ c & ab & abc \end{vmatrix}=\begin{vmatrix} a & a^2 & a^3 \\ b & b^2 & b^3 \\ c & c^2 & c^3 \end{vmatrix}=abc(a-b)(b-c)(c-a)$

(iv) $\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ a & b & c \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix}=(a-b)(b-c)(c-a)(a+b+c)$

(v) $\begin{vmatrix} a & b & c \\ b & c & a \\ c & a & b \end{vmatrix}=-(a^3+b^3+c^3-3abc)$

आव्यूह

परिभाषा (Definition)

यदि संख्याओं (जो कि वास्तविक या अधिकल्पित हो सकती हैं) के एक निकाय को पंक्तियों (rows) और स्तंभों (columns) की आयताकार सारणी में व्यवस्थित किया जाये, तो इस आयताकार सारणी को आव्यूह (Matrix) कहते हैं। आव्यूह को लघुकोष्ठक ( ) अथवा दीर्घकोष्ठक [ ] द्वारा निरूपित करते हैं। आव्यूह में उपस्थित संख्याओं को आव्यूह के अवयव (element) कहते हैं।

आव्यूह की कोटि (Order of a matrix)

एक आव्यूह, जिसमें m पंक्तियाँ (rows) तथा n स्तंभ (columns) हों, को $m\times n$ कोटि का आव्यूह कहते हैं, जिसे साधारणतः $m\times n$ आव्यूह से निरूपित करते हैं;

$$A=\begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} & ...a_{1j} & ...a_{1n} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} & ...a_{2j} & ...a_{2n} \\ ..... & ..... & ..... & ..... & ..... \\ a_{i1} & a_{i2} & a_{i3} & ...a_{ij} & ...a_{in} \\ ..... & ..... & ..... & ..... & ..... \\ a_{m1} & a_{m2} & a_{m3} & ...a_{mj} & ...a_{mn} \end{bmatrix}$$

या $A=[a_{ij}]_{m\times n}$, जहाँ $\begin{matrix} i=1,\ 2, ...m \\ j=1,\ 2, ...n \end{matrix}$

यहाँ a_{ij}, i वीं पंक्ति तथा j वें स्तंभ के अवयव को प्रदर्शित करता है।

उदाहरणार्थ : आव्यूह $\begin{bmatrix} 3 & -1 & 5 \\ 6 & 2 & -7 \end{bmatrix}$ की कोटि 2×3 है।

एक $m\times n$ कोटि के आव्यूह में mn अवयव होते हैं। ऐसे आव्यूह की प्रत्येक पंक्ति में n अवयव तथा प्रत्येक स्तंभ में m अवयव होते हैं।

आव्यूहों की समानता (Equality of matrices)

दो आव्यूह A व B समान कहलाते हैं, यदि वे समान कोटि के हैं तथा उनके संगत अवयव समान हैं।

आव्यूह के प्रकार (Types of matrices)

(1) **पंक्ति आव्यूह** (Row matrix) : वह आव्यूह (matrix) जिसमें केवल एक ही पंक्ति हो, उसे पंक्ति आव्यूह (Row matrix) या पंक्ति सदिश कहते हैं। इसमें स्तंभों की संख्या एक से अधिक हो सकती है। *उदाहरणार्थ* : $[5\ \ 0\ \ 3]$ एक 1×3 कोटि का पंक्ति आव्यूह है तथा $[2]$ एक 1×1 कोटि का पंक्ति आव्यूह है।

(2) **स्तंभ आव्यूह** (Column matrix) : वह आव्यूह (matrix) जिसमें केवल एक ही स्तंभ हो, उसे स्तंभ आव्यूह (Column matrix) या स्तंभ सदिश कहते हैं। इसमें पंक्तियों की संख्या एक से अधिक हो सकती है।

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} 2 \\ 3 \\ -6 \end{bmatrix}$ एक 3×1 कोटि का स्तंभ आव्यूह है तथा $[2]$ एक 1×1 कोटि का स्तंभ आव्यूह है। स्पष्टतः $[2]$ पंक्ति तथा स्तम्भ आव्यूह दोनों ही है।

(3) **एकल आव्यूह** (Singleton matrix) : यदि किसी आव्यूह में केवल एक अवयव हो, तो उसे एकल आव्यूह (Singleton matrix) कहते हैं।

अतः $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ एक एकल आव्यूह है, यदि $m=n=1$

उदाहरणार्थ: $[2]$, $[3]$, $[a]$, $[-3]$ एकल आव्यूह हैं।

(4) **शून्य आव्यूह** (Null or zero matrix) : यदि किसी आव्यूह (matrix) के सभी अवयव शून्य हों, तो आव्यूह शून्य आव्यूह (Zero matrix) कहलाता है तथा इसे सामान्यतः O से प्रदर्शित करते हैं। अतः $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ एक शून्य आव्यूह है, यदि $a_{ij}=0$, (सभी i तथा j के लिए)।

उदाहरणार्थ: $[0], \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}, \begin{bmatrix} 0 & 0 & 0 \\ 0 & 0 & 0 \end{bmatrix}, [0\ \ 0]$ सभी विभिन्न कोटियों के शून्य आव्यूह हैं।

(5) **वर्ग आव्यूह** (Square matrix) : यदि किसी आव्यूह में पंक्तियों तथा स्तम्भों की संख्या समान हो, तो वह आव्यूह वर्ग आव्यूह (Square matrix) कहलाता है। अतः $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ एक वर्ग आव्यूह है, यदि $m=n$.

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{bmatrix}$, 3×3 कोटि का वर्ग आव्यूह है।

(i) यदि $m\neq n$ हो, तो आव्यूह, आयताकार आव्यूह (Rectangular matrix) कहलाता है।

(ii) वर्ग आव्यूह A के अवयव, जिसमें $i=j$ हो, अर्थात् $a_{11}, a_{22}, a_{33}, ... a_{nn}$ आदि विकर्ण अवयव कहलाते हैं तथा वह रेखा जिस पर ऐसे सभी अवयव स्थित होते हैं, आव्यूह A का मुख्य विकर्ण (Principal diagonal) कहलाता है।

(6) **विकर्ण आव्यूह** (Diagonal matrix) : वह आव्यूह, जिसके मुख्य विकर्ण के अवयवों के अतिरिक्त सभी अवयव शून्य हों, विकर्ण आव्यूह (Diagonal matrix) कहलाता है। अतः एक वर्ग आव्यूह $A=[a_{ij}]$ एक विकर्ण आव्यूह होगा, यदि $a_{ij}=0$, जबकि $i\neq j$

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} 2 & 0 & 0 \\ 0 & 3 & 0 \\ 0 & 0 & 4 \end{bmatrix}$, 3×3 कोटि का विकर्ण आव्यूह है, जिसे diag $[2, 3, 4]$ से निरूपित करते हैं।

(7) **इकाई या तत्समक आव्यूह** (Identity matrix) : वह वर्ग आव्यूह, जिसके मुख्य विकर्ण के सभी अवयव '1' हों तथा अन्य सभी अवयव शून्य हों, तत्समक या इकाई आव्यूह (Identity matrix or unit matrix) कहलाता है। अतः वर्ग आव्यूह $A=[a_{ij}]$ एक तत्समक आव्यूह होगा यदि

$$a_{ij}=\begin{cases} 1, \text{ यदि } i=j \\ 0, \text{ यदि } i\neq j \end{cases}.$$

n कोटि के तत्समक आव्यूह (Identity matrix) को I_n से निरूपित करते हैं।

उदाहरणार्थ : $[1], \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}, \begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 0 & 1 & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$ आदि, क्रमशः 1, 2 तथा 3 कोटि के तत्समक आव्यूह हैं।

(8) **अदिश आव्यूह** (Scalar matrix) : वह वर्ग आव्यूह, जिसके मुख्य विकर्ण के सभी अवयव समान हो, तथा मुख्य विकर्ण के अतिरिक्त सभी अवयव शून्य हों, अदिश आव्यूह कहलाता है। अतः $A=[a_{ij}]$ एक वर्ग आव्यूह है तथा $a_{ij}=\begin{cases} \alpha, \text{ यदि } i=j \\ 0, \text{ यदि } i\neq j \end{cases}$ हो, तो A एक अदिश आव्यूह होगा।

इकाई आव्यूह तथा शून्य वर्ग आव्यूह भी अदिश आव्यूह होते हैं।

(9) **त्रिभुजीय आव्यूह** (Triangular Matrix) : एक वर्ग आव्यूह $[a_{ij}]$ एक त्रिभुजाकार आव्यूह कहलाता है, यदि मुख्य विकर्ण (Principal diagonal) के ऊपर या नीचे के सभी अवयव शून्य हों। यह दो प्रकार के होते हैं

(i) **उपरित्रिभुजीय आव्यूह** (Upper Triangular matrix) : एक वर्ग आव्यूह उपरित्रिभुजीय आव्यूह कहलाता है, यदि $a_{ij}=0$, जबकि $i>j$.

उदाहरणार्थ : $\begin{bmatrix} 3 & 1 & 2 \\ 0 & 4 & 3 \\ 0 & 0 & 6 \end{bmatrix}$, एक 3×3 कोटि का उपरित्रिभुजीय आव्यूह है।

(ii) **निम्नत्रिभुजीय आव्यूह** (Lower Triangular matrix) : एक वर्ग आव्यूह निम्नत्रिभुजीय आव्यूह कहलाता है, यदि $a_{ij}=0$, जबकि $i<j$.

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} 1 & 0 & 0 \\ 2 & 3 & 0 \\ 4 & 5 & 2 \end{bmatrix}$ एक 3×3 कोटि का निम्नत्रिभुजीय आव्यूह है।

आव्यूह का ट्रेस (Trace of a matrix)

एक वर्ग आव्यूह A के मुख्य विकर्ण के अवयवों का योग आव्यूह A का ट्रेस (Trace) कहलाता है जिसे $tr\,A$ से प्रदर्शित करते हैं।

$$tr\ A=\sum_{i=1}^{n} a_{ii}=a_{11}+a_{22}+...a_{nn}$$

आव्यूह के ट्रेस के गुणधर्म

माना $A=[a_{ij}]_{n\times n}$ तथा $B=[b_{ij}]_{n\times n}$ तथा λ एक अदिश है, तब

(i) $tr(\lambda A)=\lambda\, tr(A)$ (ii) $tr(A-B)=tr(A)-tr(B)$

(iii) $tr(AB)=tr(BA)$ (iv) $tr(A)=tr(A')$ या $tr\,(A^T)$

(v) $tr(I_n)=n$ (vi) $tr\,(0)=0$

(vii) $tr(AB)\neq tr\,A\,.\,tr\,B$

आव्यूहों का योग तथा व्यवकलन (Addition and Subtraction of Matrices)

यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ तथा $B=[b_{ij}]_{m\times n}$ दो समान कोटि के आव्यूह हों, तो इनका योग $A+B$ एक ऐसा आव्यूह होगा जिसकी कोटि आव्यूह A तथा B की कोटि के बराबर होगी तथा जिसके अवयव A तथा B के संगत अवयवों (corresponding elements) के योग के बराबर होंगे,

अर्थात् $A+B=[a_{ij}+b_{ij}]_{m\times n}$

इसी प्रकार, इनका व्यवकलन (Subtraction) $A-B=[a_{ij}-b_{ij}]_{m\times n}$ द्वारा परिभाषित होता है।

आव्यूहों का योग तथा अन्तर (व्यवकलन) तभी संभव है, जब आव्यूहों की कोटि समान हो।

आव्यूह के योग के गुणधर्म (Properties of matrix addition) : यदि A, B तथा C तीन समान कोटि के आव्यूह हैं, तो

(i) $A+B=B+A$, (क्रमविनिमेय नियम)

(ii) $(A+B)+C=A+(B+C)$, (साहचर्य नियम)

(iii) $A+O=O+A=A$, जहाँ O एक शून्य आव्यूह है जो कि आव्यूह का योज्य तत्समक है।

(iv) $A+(-A)=0=(-A)+A$, जहाँ $(-A)$, A के प्रत्येक अवयव के चिन्ह को परिवर्तित करने पर प्राप्त होता है, जो कि आव्यूह का योज्य प्रतिलोम है।

(v) $\left.\begin{matrix} A+B=A+C \\ B+A=C+A \end{matrix}\right\} \Rightarrow B=C$, (निरसन नियम)

आव्यूह का अदिश गुणन (Scalar multiplication of matrices)

माना $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ एक आव्यूह है तथा k एक संख्या है, तब A के प्रत्येक अवयव को k से गुणा करने पर प्राप्त आव्यूह को A का k से अदिश गुणन कहते हैं, जिसे kA से निरूपित करते हैं। अतः यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}$, तब $kA=Ak=[ka_{ij}]_{m\times n}$.

अदिश गुणन के गुणधर्म (Properties of scalar multiplication) :

यदि A, B समान कोटि के आव्यूह हों तथा λ, μ दो अदिश हों, तो

(i) $\lambda(A+B)=\lambda A+\lambda B$ (ii) $(\lambda+\mu)A=\lambda A+\mu A$

(iii) $\lambda(\mu A)=(\lambda\mu A)=\mu(\lambda A)$ (iv) $(-\lambda A)=-(\lambda A)=\lambda(-A)$

• साधारण बीजगणित के सभी नियम आव्यूह के योग, व्यवकलन तथा अदिश गुणन को संतुष्ट करते हैं।

आव्यूहों का गुणन (Multiplication of matrices)

दो आव्यूह A तथा B गुणनफल AB के लिए तभी अनुकूलनीय है, यदि A में स्तम्भों की संख्या, B में पंक्तियों की संख्या के बराबर हो। यदि $A=[a_{ij}]_{m\times n}$ तथा $B=[b_{ij}]_{n\times p}$ क्रमशः $m\times n$ तथा $n\times p$ कोटि के दो आव्यूह हों, तो उनके गुणनफल AB की कोटि $m\times p$ होगी तथा यह $(AB)_{ij}=\sum_{r=1}^{n} a_{ir}b_{rj}$ द्वारा परिभाषित होता है।

$=[a_{i1}a_{i2}...a_{in}]\begin{bmatrix} b_{1j} \\ b_{2j} \\ \vdots \\ b_{nj} \end{bmatrix}$ = (A की iवीं पंक्ति) (B का jवाँ स्तम्भ) .....(i),

जहाँ $i=1, 2, ..., m$ तथा $j=1, 2, ...p$

अब एक पंक्ति आव्यूह तथा एक स्तम्भ आव्यूह के गुणनफल को परिभाषित करते हैं।

माना $A=[a_1 a_2 ....a_n]$ एक पंक्ति आव्यूह है तथा $B=\begin{bmatrix} b_1 \\ b_2 \\ \vdots \\ b_n \end{bmatrix}$ एक स्तम्भ आव्यूह है तब, $AB=[a_1b_1+a_2b_2+....+a_nb_n]$ ....(ii)

अतः (i) से, $(AB)_{ij}=A$ की iवीं पंक्ति के अवयवों का B के jवें स्तम्भ के अवयवों से गुणनफलों का योग।

आव्यूह गुणन के गुणधर्म (Properties of matrix multiplication)

यदि A, B तथा C तीन आव्यूह इस प्रकार हैं, कि उनका गुणनफल परिभाषित हो, तो

(i) $AB\neq BA$, (सामान्यतः क्रमविनिमेय नहीं है)

(ii) $(AB)C=A(BC)$, (साहचर्य नियम)

(iii) $IA=A=AI$, (जहाँ I, आव्यूह गुणन के लिए एक तत्समक आव्यूह है)

(iv) $A(B+C)=AB+AC$, (वितरण नियम)

(v) यदि $AB=AC \not\Rightarrow B=C$, (निरसन नियम सत्य नहीं है)

(vi) यदि $AB=0$, इसका अर्थ यह नहीं है कि $A=0$ या $B=0$, अर्थात दो अशून्य आव्यूहों का गुणनफल एक शून्य आव्यूह हो सकता है।

एक आव्यूह की धनात्मक पूर्णांक घात (Positive integral powers of a matrix)

आव्यूह A की धनात्मक पूर्णांक घात तभी परिभाषित है जब A एक वर्ग आव्यूह हो, तब $A^2=A.A$, $A^3=A.A.A=A^2A$,

धनात्मक पूर्णांक m, n के लिए,

(i) $A^m A^n=A^{m+n}$ (ii) $(A^m)^n=A^{mn}=(A^n)^m$

(iii) $I^n=I, I^m=I$

(iv) $A^0=I_n$; जहाँ A, n कोटि का वर्ग आव्यूह है।

आव्यूह का परिवर्त (Transpose of a matrix)

आव्यूह A की सभी पंक्तियों को स्तम्भों में एवं स्तम्भों को पंक्तियों में परिवर्तित करने पर प्राप्त आव्यूह, A का परिवर्त आव्यूह (Transpose of a matrix) कहलाता है, जिसे A^T या A' से निरूपित करते हैं।

परिभाषा से स्पष्ट है कि यदि A की कोटि $m\times n$ हो, तो A^T की कोटि $n\times m$ होगी।

उदाहरणार्थ : आव्यूह $\begin{bmatrix} a_1 & a_2 & a_3 \\ b_1 & b_2 & b_3 \end{bmatrix}_{2\times 3}$ का परिवर्त आव्यूह $\begin{bmatrix} a_1 & b_1 \\ a_2 & b_2 \\ a_3 & b_3 \end{bmatrix}_{3\times 2}$ होगा।

परिवर्त के गुणधर्म (Properties of transpose) : माना A तथा B दो आव्यूह हों, तब

(i) $(A^T)^T=A$

(ii) $(A+B)^T=A^T+B^T$, जहाँ A तथा B समान कोटि के हैं।

(iii) $(kA)^T=kA^T$, जहाँ k कोई अदिश है,(वास्तविक या अधिकल्पित)

(iv) $(AB)^T=B^TA^T$, A तथा B गुणन AB के लिए अनुकूलनीय हैं।

(v) $(A_1A_2A_3.....A_{n-1}A_n)^T=A_n{}^TA_{n-1}{}^T.......A_3{}^TA_2{}^TA_1{}^T$

(vi) $I^T=I$

विशेष प्रकार के आव्यूह (Special types of matrices)

(1) **सममित आव्यूह** (Symmetric matrix) : एक वर्ग आव्यूह $A=[a_{ij}]$ सममित आव्यूह (Symmetric matrix) कहलाता है, यदि $a_{ij}=a_{ji}\ \forall\ i, j$ अथवा $A^T=A$. ***उदाहरणार्थ***: $\begin{bmatrix} a & h & g \\ h & b & f \\ g & f & c \end{bmatrix}$.

(2) **विषम–सममित आव्यूह** (Skew-symmetric matrix) : एक वर्ग आव्यूह $A=[a_{ij}]$ विषम-सममित आव्यूह (Skew- symmetric matrix) कहलाता है, यदि $a_{ij}=-a_{ji}\ \forall\ i, j$ अथवा $A^T=-A$.

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} 0 & h & g \\ -h & 0 & f \\ -g & -f & 0 \end{bmatrix}$

सममित तथा विषम सममित आव्यूहों के गुणधर्म (Properties of symmetric and skew-symmetric matrices)

(i) यदि A एक वर्ग आव्यूह हो, तो $A+A^T, AA^T, A^TA$ सममित आव्यूह होंगे, जबकि $A-A^T$ विषम-सममित आव्यूह होगा।

(ii) यदि A एक सममित आव्यूह हो, तो $-A, KA, A^T, A^n, A^{-1}$, B^TAB भी सममित आव्यूह होंगे, जहाँ $n \in N$, $K \in R$ तथा B एक वर्ग आव्यूह है, जिसकी कोटि A के समान है।

(iii) यदि A एक विषम-सममित आव्यूह हो, तो

(a) A^{2n} एक सममित आव्यूह होगा, जहाँ $n \in N$

(b) A^{2n+1} एक विषम-सममित आव्यूह होगा, जहाँ $n \in N$

(c) kA भी विषम-सममित आव्यूह होगा, जहाँ $k \in R$

(d) B^TAB भी विषम-सममित आव्यूह होगा, जहाँ B एक वर्ग आव्यूह है, जिसकी कोटि A की कोटि के बराबर है।

(iv) यदि A, B दो सममित आव्यूह हों, तो

(a) $A \pm B,\ AB + BA$ भी सममित आव्यूह होंगे।

(b) $AB - BA$ एक विषम-सममित आव्यूह होगा।

(c) AB एक सममित आव्यूह होगा, जबकि $AB = BA$.

(v) यदि A, B दो विषम-सममित आव्यूह हों, तो

(a) $A \pm B,\ AB - BA$ विषम-सममित आव्यूह होंगे

(b) $AB + BA$ सममित आव्यूह होगा।

(vi) यदि A एक विषम-सममित आव्यूह हो तथा C एक स्तम्भ आव्यूह हो, तो C^TAC, कोटि 1 का शून्य आव्यूह होगा।

(vii) प्रत्येक वर्ग आव्यूह को स्वंय के सममित तथा विषम-सममित आव्यूह के योग के रूप में लिख सकते हैं, अर्थात्

$$A = \left[\frac{1}{2}(A + A^T)\right] + \left[\frac{1}{2}(A - A^T)\right].$$

(3) **अव्युत्क्रमणीय तथा व्युत्क्रमणीय आव्यूह** (Singular and Non-singular matrix) : कोई वर्ग आव्यूह A व्युत्क्रमणीय आव्यूह होगा, यदि $|A| \neq 0$ तथा अव्युत्क्रमणीय आव्यूह होगा, यदि $|A| = 0$. यहाँ $|A|$ या det(A) और det $|A|$ का अर्थ आव्यूह A की सारणिक से है।

उदाहरणार्थ: $A = \begin{bmatrix} 2 & 3 \\ 4 & 5 \end{bmatrix}$, तब $|A| = \begin{vmatrix} 2 & 3 \\ 4 & 5 \end{vmatrix} = 10 - 12 = -2 \Rightarrow A$ एक व्युत्क्रमणीय आव्यूह है।

(4) **हरमीशियन आव्यूह तथा विषम हरमीशियन आव्यूह** (Hermitian and skew-Hermitian matrix) : एक वर्ग आव्यूह $A = [a_{ij}]$ हरमीशियन आव्यूह (Hermitian matrix) कहलाता है, यदि $a_{ij} = \bar{a}_{ji}$, $\forall i, j$ अर्थात् $A = A^\theta$.

उदाहरणार्थ : $\begin{bmatrix} a & b+ic \\ b-ic & d \end{bmatrix}, \begin{bmatrix} 3 & 3-4i & 5+2i \\ 3+4i & 5 & -2+i \\ 5-2i & -2-i & 2 \end{bmatrix}$

हरमीशियन आव्यूह हैं।

(5) **लाम्बिक आव्यूह** (Orthogonal matrix) : एक वर्ग आव्यूह A लाम्बिक आव्यूह कहलाता है, यदि $AA^T = I = A^TA$ अर्थात् $A^{-1} = A^T$.

***उदाहरणार्थ*:** $A = \begin{bmatrix} \cos\alpha & -\sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix}$ लाम्बिक है,

क्योंकि $A^{-1} = \begin{bmatrix} \cos\alpha & -\sin\alpha \\ -\sin\alpha & \cos\alpha \end{bmatrix} = A^T$.

प्रत्येक इकाई आव्यूह लाम्बिक होता है। किसी लाम्बिक आव्यूह के सारणिक का मान –1 या 1 होता है।

(5) **वर्गसम आव्यूह** (Idempotent matrix) : एक वर्ग आव्यूह A को वर्गसम आव्यूह कहा जाता है, यदि $A^2 = A$ हो।

उदाहरणार्थ: $\begin{bmatrix} 1/2 & 1/2 \\ 1/2 & 1/2 \end{bmatrix}$ एक वर्गसम आव्यूह है, क्योंकि

$$A^2 = \begin{bmatrix} 1/4+1/4 & 1/4+1/4 \\ 1/4+1/4 & 1/4+1/4 \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} 1/2 & 1/2 \\ 1/2 & 1/2 \end{bmatrix} = A$$

$A = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ भी वर्गसम आव्यूह हैं, क्योंकि $A^2 = A$ तथा $B^2 = B$. प्रत्येक इकाई आव्यूह वर्गसम आव्यूह होते हैं।

(6) **अन्तर्वलनीय आव्यूह** (Involutory matrix) : एक वर्ग आव्यूह A अन्तर्वलनीय आव्यूह कहलाता है, यदि $A^2 = I$ या $A^{-1} = A$.

उदाहरणार्थ : $A = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ एक अन्तर्वलनीय (Involutory) आव्यूह है

क्योंकि $A^2 = \begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix} = I$. प्रत्येक इकाई आव्यूह अन्तर्वलनीय (Involutory) आव्यूह होता है।

(7) **शून्यभावी आव्यूह** (Nilpotent matrix) : एक वर्ग आव्यूह A शून्यभावी आव्यूह कहलाता है, यदि $p \in N$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि $A^p = 0$.

उदाहरणार्थ : $A = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}$ एक शून्यभावी आव्यूह है, क्योंकि

$A^2 = \begin{bmatrix} 0 & 0 \\ 0 & 0 \end{bmatrix} = 0$, (यहाँ $p = 2$).

प्रत्येक शून्यभावी आव्यूह के सारणिक का मान शून्य होता है।

(8) **ऐकिक आव्यूह** (Unitary matrix) : एक वर्ग आव्यूह A ऐकिक आव्यूह कहलाता है, यदि $\bar{A}'A = I$. चूँकि $|\bar{A}'| = |A|$ तथा $|\bar{A}'A| = |\bar{A}'||A|$, इसलिए यदि $\bar{A}'A = I$, तो $|\bar{A}'||A| = 1$

अतः ऐकिक आव्यूह के सारणिक का मान इकाई होता है। एक ऐकिक आव्यूह (Unitary matrix) व्युत्क्रमणीय आव्यूह होता है।

अतः $\bar{A}'A = I \Rightarrow A\bar{A}' = I$.

(9) **आवर्ती आव्यूह** (Periodic matrix) : एक आव्यूह A आवर्ती आव्यूह कहलाता है, यदि $A^{k+1} = A$, जहाँ k एक धनात्मक पूर्णांक है। यदि $A^{k+1} = A$ के लिए k एक न्यूनतम धनात्मक पूर्णांक हो, तो k, A का आवर्तनांक होता है।

(10) **आव्यूह का अवकलन** (Differentiation of a matrix) : यदि $A = \begin{bmatrix} f(x) & g(x) \\ h(x) & l(x) \end{bmatrix}$ हो, तो $\frac{dA}{dx} = \begin{bmatrix} f'(x) & g'(x) \\ h'(x) & l'(x) \end{bmatrix}$, A का अवकलज होता है।

उदाहरणार्थ: यदि $A = \begin{bmatrix} x^2 & \sin x \\ 2x & 2 \end{bmatrix}$, तब $\frac{dA}{dx} = \begin{bmatrix} 2x & \cos x \\ 2 & 0 \end{bmatrix}$ होगा।

(12) **आव्यूह का संयुग्मी** (Conjugate of a matrix) : एक आव्यूह A, जिसके अवयवों में सम्मिश्र संख्यायें हों, तो इन अवयवों के स्थान पर उनकी संयुग्मी सम्मिश्र संख्याओं को लिखने पर प्राप्त आव्यूह को आव्यूह का संयुग्मी कहते हैं तथा इसे $\bar{A}$ से प्रदर्शित करते हैं।

उदाहरणार्थ: $A = \begin{bmatrix} 1+2i & 2-3i & 3+4i \\ 4-5i & 5+6i & 6-7i \\ 8 & 7+8i & 7 \end{bmatrix}$

तब $\bar{A} = \begin{bmatrix} 1-2i & 2+3i & 3-4i \\ 4+5i & 5-6i & 6+7i \\ 8 & 7-8i & 7 \end{bmatrix}$

संयुग्मी आव्यूह के गुणधर्म (Properties of conjugates) :

(i) $\overline{(\overline{A})} = A$ (ii) $\overline{(A+B)} = \overline{A} + \overline{B}$

(iii) $\overline{(\alpha A)} = \overline{\alpha}\overline{A}$, α कोई संख्या है

(iv) $\overline{(AB)} = \overline{A}\,\overline{B}$, A तथा B गुणन के लिए अनुकूलनीय हैं।

(13) **संयुग्मी परिवर्त आव्यूह** (Transpose conjugate of a matrix): किसी आव्यूह A के संगत संयुग्मी आव्यूह $\overline{A}$ का परिवर्त आव्यूह $(\overline{A})^T$, A का संयुग्मी परिवर्त आव्यूह कहलाता है। इसे प्रतीक रूप में A^{θ} से व्यक्त करते हैं। A के परिवर्त का संयुग्मी आव्यूह A के संयुग्मी के परिवर्त आव्यूह के समान होता है, अर्थात् $\overline{(A')} = (\overline{A})' = A^{\theta}$.

यदि $A = [a_{ij}]_{m \times n}$ तो $A^{\theta} = [b_{ji}]_{n \times m}$ जहाँ $b_{ji} = \overline{a}_{ij}$ अर्थात् A^{θ} के (j, i) वें अवयव = A के (i, j) वें अवयव का संयुग्मी

उदाहरणार्थः यदि $A = \begin{bmatrix} 1+2i & 2-3i & 3+4i \\ 4-5i & 5+6i & 6-7i \\ 8 & 7+8i & 7 \end{bmatrix}$,

तो $A^{\theta} = \begin{bmatrix} 1-2i & 4+5i & 8 \\ 2+3i & 5-6i & 7-8i \\ 3-4i & 6+7i & 7 \end{bmatrix}$

संयुग्मी परिवर्त आव्यूह के गुणधर्म (Properties of transpose conjugate)

(i) $(A^{\theta})^{\theta} = A$ (ii) $(A+B)^{\theta} = A^{\theta} + B^{\theta}$

(iii) $(kA)^{\theta} = k\,A^{\theta}$, k कोई संख्या है (iv) $(AB)^{\theta} = B^{\theta}A^{\theta}$

आव्यूह का सहखण्डज (Adjoint of a square matrix)

माना $A = [a_{ij}]$ एक n कोटि का वर्ग आव्यूह है तथा C_{ij}, A में a_{ij} का सहखण्ड है, तो आव्यूह, जो कि A के प्रत्येक अवयव को उसके सहखण्ड से प्रतिस्थापित करके प्राप्त किया गया हो, के परिवर्त को A का सहखण्डज कहते हैं, जिसे $adj\,A$ से प्रदर्शित करते हैं।

अतः $adj\;A = [C_{ij}]^T \Rightarrow (adj\,A)_{ij} = C_{ji} = A$ में a_{ji} का सहखण्ड

यदि $A = \begin{bmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{bmatrix}$,

तब $adj\,A = \begin{bmatrix} C_{11} & C_{12} & C_{13} \\ C_{21} & C_{22} & C_{23} \\ C_{31} & C_{32} & C_{33} \end{bmatrix}^T = \begin{bmatrix} C_{11} & C_{21} & C_{31} \\ C_{12} & C_{22} & C_{32} \\ C_{13} & C_{23} & C_{33} \end{bmatrix}$;

जहाँ C_{ij}, A में a_{ij} के सहखण्ड को प्रदर्शित करता है।

उदाहरणार्थ: $A = \begin{bmatrix} p & q \\ r & s \end{bmatrix}, C_{11} = s, C_{12} = -r, C_{21} = -q, C_{22} = p$

$\therefore adj\,A = \begin{bmatrix} s & -r \\ -q & p \end{bmatrix}^T = \begin{bmatrix} s & -q \\ -r & p \end{bmatrix}$

सहखण्डज आव्यूह के गुणधर्म (Properties of adjoint matrix) : यदि A और B, n कोटि के वर्ग आव्यूह हों तथा I_n संगत इकाई आव्यूह हो, तो (i) $A(adj\,A) = |A|\,I_n = (adj\,A)A$ (अतः A ($adj\ A$) सदैव एक अदिश आव्यूह है)

(ii) $|adj\,A| = |A|^{n-1}$ (iii) $adj(adj\,A) = |A|^{n-2}\,A$

(iv) $|adj(adj\,A)| = |A|^{(n-1)^2}$ (v) $adj(A^T) = (adj\,A)^T$

(vi) $adj(AB) = (adj\,B)(adj\,A)$

(vii) $adj(A^m) = (adj\,A)^m, m \in N$

(viii) $adj(kA) = k^{n-1}(adj\,A), k \in R$

(ix) $adj(I_n) = I_n$

(x) $adj(O) = O$

(xi) A सममित है $\Rightarrow$ $adj\,A$ भी सममित होगा।

(xii) A विकर्ण आव्यूह है $\Rightarrow$ $adj\,A$ भी विकर्ण आव्यूह होगा।

(xiii) A त्रिभुजाकार आव्यूह है $\Rightarrow$ $adj\,A$ भी त्रिभुजाकार आव्यूह होगा।

(xiv) A अव्युत्क्रमणीय आव्यूह है $\Rightarrow |adj\,A| = 0$

आव्यूह का व्युत्क्रम (प्रतिलोम आव्यूह) (Inverse of a Matrix)

एक n कोटि का व्युत्क्रमणीय आव्यूह, व्युत्क्रमणीय होता है, यदि एक समान कोटि के आव्यूह B का अस्तित्व इस प्रकार हो, कि $AB = I_n = BA$। इस स्थिति में, हम कह सकते हैं कि B, A का प्रतिलोम है अर्थात् $A^{-1} = B$ तथा $A^{-1} = \frac{1}{|A|}.adj\,A$

A के प्रतिलोम का अस्तित्व होने के लिए आवश्यक एवं पर्याप्त प्रतिबंध $|A| \neq 0$ है।

प्रतिलोम आव्यूह के गुणधर्म (Properties of inverse matrix):

यदि A तथा B दो समान कोटि के प्रतिलोम या व्युत्क्रमणीय आव्यूह हों, तो (i) $(A^{-1})^{-1} = A$ (ii) $(A^T)^{-1} = (A^{-1})^T$

(iii) $(AB)^{-1} = B^{-1}A^{-1}$

(iv) $(A^k)^{-1} = (A^{-1})^k, k \in N$ [विशेषतः $(A^2)^{-1} = (A^{-1})^2$]

(v) $adj(A^{-1}) = (adj\,A)^{-1}$ (vi) $|A^{-1}| = \frac{1}{|A|} = |A|^{-1}$

(vii) A = diag $(a_1 a_2 ... a_n) \Rightarrow A^{-1} = diag(a_1^{-1} a_2^{-1} ... a_n^{-1})$.

(viii) A सममित है $\Rightarrow A^{-1}$ भी सममित होगा।

(ix) A विकर्ण आव्यूह है, $|A| \neq 0 \Rightarrow A^{-1}$ भी विकर्ण आव्यूह होगा।

(x) A अदिश आव्यूह है $\Rightarrow A^{-1}$ भी अदिश आव्यूह होगा।

(xi) A त्रिभुजाकार आव्यूह है, $|A| \neq 0 \Rightarrow A^{-1}$ भी त्रिभुजाकार आव्यूह होगा।

(xii) प्रत्येक व्युत्क्रमणीय आव्यूह का एक अद्वितीय व्युत्क्रम आव्यूह होता है।

(xiii) **गुणन के सापेक्ष निरसन का नियम**

यदि A एक व्युत्क्रमणीय आव्यूह हो, अर्थात् यदि $|A| \neq 0$, तो A^{-1} का अस्तित्व होगा तथा $AB = AC \Rightarrow A^{-1}(AB) = A^{-1}(AC)$

$\Rightarrow (A^{-1}A)B = (A^{-1}A)C$

$\Rightarrow IB = IC \Rightarrow B = C$, $\therefore AB = AC \Rightarrow B = C \Leftrightarrow |A| \neq 0$.

आव्यूह की जाति (Rank of a matrix)

माना A एक $m \times n$ कोटि का आव्यूह है, यदि A के r पंक्तियों (rows) तथा r स्तंभों (columns) को लेते हैं, तब r कोटि का उप-वर्ग आव्यूह प्राप्त होता है। r कोटि के उप-वर्ग आव्यूह के सारणिक को A का r कोटि का उपसारणिक (minor)कहते हैं।

माना 3×4 कोटि का आव्यूह $A = \begin{vmatrix} 1 & 3 & 4 & 5 \\ 1 & 2 & 6 & 7 \\ 1 & 5 & 0 & 1 \end{vmatrix}$ है। यह 3×4 कोटि का आव्यूह है अतः हम 3, 2 या 1 कोटि का सारणिक ले सकते हैं। किन्ही तीन पंक्ति तथा तीन स्तंभ लेने पर कोटि 3 का उपसारणिक (minor) बनता है। अतः कोटि 3 का उपसारणिक (minor) $= \begin{vmatrix} 1 & 3 & 4 \\ 1 & 2 & 6 \\ 1 & 5 & 0 \end{vmatrix} = 0$.

दो शून्य बनाने पर उपरोक्त उपसारणिक का मान शून्य हो जाता है। इसी प्रकार कोटि 3 के अन्य उपसारणिकों (Minor) को भी शून्य प्रदर्शित

कर सकते हैं। कोटि 2 का उपसारणिक (Minor) दो पंक्तियों और दो स्तंभों को लेने पर प्राप्त होता है।

कोटि 2 का उपसारणिक (Minor) $= \begin{vmatrix} 1 & 3 \\ 1 & 2 \end{vmatrix} = 2 - 3 = -1 \neq 0$ आव्यूह का प्रत्येक अवयव कोटि 1 का उपसारणिक होता है।

आव्यूह की रैंक (Rank of a matrix) : किसी दिये गये आव्यूह A की रैंक r होगी, यदि

(1) A का, कोटि (r+1) का प्रत्येक उपसारणिक शून्य हो।

(2) A का, r कोटि का कम से कम एक उपसारणिक होगा, जो कि शून्य नहीं है।

यहाँ हम कह सकते हैं, कि आव्यूह A की रैंक r होगी, यदि

(i) (r+1) कोटि का प्रत्येक वर्ग उपआव्यूह अव्युत्क्रमणीय होता है।

(ii) यहाँ r कोटि का कम से कम एक वर्ग उपआव्यूह, व्युत्क्रमणीय होगा। आव्यूह A की रैंक r को $\rho(A) = r$ लिखते हैं।

आव्यूह का आइक्लान रूप (Echelon form of a matrix)

एक आव्यूह A आइक्लान (Echelon) रूप में होता है, यदि A शून्य आव्यूह हो अथवा A निम्न प्रतिबंधों को संतुष्ट करता हो :

(1) A में प्रत्येक शून्य पंक्ति के पूर्व अशून्य पंक्ति हो।

(2) एक पंक्ति में प्रथम अशून्य अवयव से पहले शून्य की संख्या अगली पंक्ति में शून्य की संख्या से कम हो।

यह आसानी से सिद्ध किया जा सकता है, कि आइक्लान रूप में आव्यूह की रैंक, आव्यूह में अशून्य पंक्तियों की संख्या के बराबर होती है।

आइक्लान रूप में आव्यूह की रैंक (Rank of a matrix in Echelon form) : आइक्लान रूप में आव्यूह की रैंक, उस अवस्था में उपस्थित अशून्य पंक्तियों की संख्या होती है।

समघातीय व असमघातीय रैखिक समीकरणों के निकाय (Homogeneous, Non-homogeneous systems of linear equations)

समीकरणों का निकाय $AX = B$ समघातीय निकाय कहलाता है, यदि $B = O$. यदि $B \neq O$ तब इस निकाय को असमघातीय समीकरणों का निकाय कहते हैं।

उदाहरणार्थ : $2x + 5y = 0$

$3x - 2y = 0$

समघातीय रैखिक समीकरणों का निकाय है जबकि समीकरण

$2x + 3y = 5$ व $x + y = 2$

असमघातीय रैखिक समीकरणों का निकाय है।

(1) **असमघातीय रैखिक समीकरणों के निकाय का हल**

(i) **आव्यूह विधि** (Matrix method) : यदि $AX = B$, तब $X = A^{-1}B$ अद्वितीय हल देता है, जबकि A व्युत्क्रमणीय आव्यूह हो, किन्तु यदि A अव्युत्क्रमणीय आव्यूह हो अर्थात् $|A| = 0$, तब समीकरणों $AX = B$ का निकाय अनन्त हलों का संगत निकाय हो सकता है या असंगत भी हो सकता है।

(ii) **असमघातीय निकाय $AX = B$ के हल के लिए रैंक विधि**

(a) A, B को लिखते हैं।

(b) ऑगमेंटेड आव्यूह $[A : B]$ को लिखते हैं।

(c) प्रारम्भिक पंक्ति संक्रिया द्वारा ऑगमेंटेड आव्यूह को आइक्लान रुप में परिवर्तित करते हैं।

(d) A तथा $[A : B]$ की रैंक को निकालने के लिये क्रमशः A और $[A : B]$ में अशून्य पंक्तियों की संख्या ज्ञात करते हैं।

(e) यदि $\rho(A) \neq \rho(A : B)$, तब निकाय असंगत है।

(f) यदि $\rho(A) = \rho(A : B) =$ अज्ञात राशियों की संख्या, तब निकाय का अद्वितीय हल है।

(g) यदि $\rho(A) = \rho(A : B) <$ अज्ञात राशियों की संख्या, तब निकाय के अनन्त हल हैं।

(2) **समघातीय रैखिक समीकरणों के निकाय का हल** (Solutions of a homogeneous system of linear equations) : माना तीन अज्ञात राशियों में तीन समघातीय रैखिक समीकरणों का निकाय $AX = O$ है।

(a) दी गयी समीकरणों को $AX = O$ के रूप में लिखिये और A को लिखते हैं।

(b) $|A|$ का मान ज्ञात करते हैं।

(c) यदि $|A| \neq 0$ तो निकाय संगत है तथा $x = y = z = 0$ इसके अद्वितीय हल हैं।

(d) यदि $|A| = 0$ तो निकाय के अनन्त हल हैं। इनको ज्ञात करने के लिये $z = K$ (कोई वास्तविक संख्या) रख कर, किन्हीं भी दो समीकरणों को x और y के लिये हल करते हैं। इस प्रकार प्राप्त समीकरणों के निकाय, $z = K$ के साथ, इनका हल देते हैं।

रैखिक समीकरण के निकाय की संगतता, जहाँ *A* वर्ग आव्यूह है (Consistency of a system of linear equation *AX* = *B*, where *A* is a square matrix)

रैखिक समीकरणों का निकाय, $AX = B, A = [a_{ij}]_{n \times n}$

(i) संगत (अद्वितीय हल के साथ) कहलाता है, यदि $|A| \neq 0$ अर्थात् A व्युत्क्रमणीय आव्यूह हो।

(ii) असंगत (इसका कोई हल नहीं है) यदि $|A| = 0$ और $(adjA)B$ अशून्य आव्यूह हो।

(iii) संगत (अनन्त m हलों के साथ) यदि $|A| = 0$ व $(adj\,A)B$ शून्य आव्यूह हो।

कैले–हेमिल्टन प्रमेय (Cayley-Hamilton theorem)

प्रत्येक आव्यूह अपने अभिलाक्षणिक (Characteristic) समीकरण को संतुष्ट करता है। ***उदाहरणार्थ:*** माना A एक वर्ग आव्यूह हो, तो $|A - xI| = 0$, A का अभिलाक्षणिक समीकरण है। यदि $x^3 - 4x^2 - 5x - 7 = 0$, A के लिए अभिलाक्षणिक समीकरण है, तब $A^3 - 4A^2 + 5A - 7I = 0$ | A के लिए अभिलाक्षणिक समीकरण के मूल A के आइगन मान या A के अभिलाक्षणिक मूल या A के गुप्त मूल (latent roots) कहलाते हैं। यदि A का अभिलाक्षणिक मूल λ है, तब A^{-1} का अभिलाक्षणिक मूल λ^{-1} होगा।

ज्यामितीय रूपान्तरण (Geometrical transformations)

(1) **x-अक्ष में परावर्तन** (Reflexion in the x-axis) : यदि $P'(x', y')$; बिन्दु $P(x, y)$ का x-अक्ष पर परावर्तन हो, तो आव्यूह $\begin{bmatrix} 1 & 0 \\ 0 & -1 \end{bmatrix}$ एक बिन्दु $P(x, y)$ का x-अक्ष में परावर्तन दर्शाता है।

(2) **y-अक्ष में परावर्तन** (Reflexion in the y-axis) : यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 0 & 1 \end{bmatrix}$ है।

(3) **मूलबिन्दु द्वारा परावर्तन** (Reflexion through the origin) :

यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} -1 & 0 \\ 0 & -1 \end{bmatrix}$ है।

(4) **रेखा $y = x$ में परावर्तन** (Reflexion in the line $y = x$):

यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} 0 & 1 \\ 1 & 0 \end{bmatrix}$ है।

(5) **रेखा $y = -x$ में परावर्तन** (Reflexion in the line $y = -x$):

यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} 0 & -1 \\ -1 & 0 \end{bmatrix}$ है।

(6) **$y = x \tan\theta$ में परावर्तन** (Reflexion in $y = x\tan\theta$) :

यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} \cos 2\theta & \sin 2\theta \\ \sin 2\theta & -\cos 2\theta \end{bmatrix}$ है।

(7) **θ कोण से घूर्णन** (Rotation through an angle θ):

यहाँ आव्यूह $\begin{bmatrix} \cos\theta & -\sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{bmatrix}$ है।

अक्षों के घूर्णन का आव्यूह (Matrices of rotation of axes)

हम जानते हैं कि, यदि x तथा y-अक्षों को मूलबिन्दु के परितः कोण θ से घुमाने पर नए निर्देशांक $x = X\cos\theta - Y\sin\theta$

तथा $y = X\sin\theta + Y\cos\theta$ होते हैं।

अतः $\begin{bmatrix} x \\ y \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} \cos\theta & -\sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{bmatrix}\begin{bmatrix} X \\ Y \end{bmatrix} \Rightarrow \begin{bmatrix} \cos\theta & -\sin\theta \\ \sin\theta & \cos\theta \end{bmatrix}$, θ कोण से घूर्णन का आव्यूह है।

Tips & Tricks

✍ किसी पंक्ति के अवयवों तथा उनके संगत सहखण्डों के गुणनफल का योग सारणिक के मान के बराबर होता है, अर्थात

$\Delta = a_{11}C_{11} + a_{12}C_{12} + a_{13}C_{13} = a_{11}C_{11} + a_{21}C_{21} + a_{31}C_{31}$

जहाँ बड़े अक्षर C_{11}, C_{12}, C_{13} इत्यादि, a_{11}, a_{12}, a_{13} के सहखण्डों को व्यक्त करते हैं।

व्यापक तौर पर, ध्यान दें कि $a_{i1}C_{j1} + a_{i2}C_{j2} + a_{i3}C_{j3} = 0$, यदि $i \neq j$

या $a_{1i}C_{1j} + a_{2i}C_{2j} + a_{3i}C_{3j} = 0$, यदि $i \neq j$.

✍ यदि Δ' सारणिक Δ के अवयवों को उनके संगत सहखण्डों द्वारा स्थानान्तरित करने पर प्राप्त सारणिक है, तब यदि $\Delta = 0$, तो $\Delta^C = 0$, $\Delta' = \Delta^{n-1}$, जहाँ n सारणिक की कोटि है।

✍ निम्न समघातीय समीकरणों का निकाय $a_1x + b_1y + c_1z = 0$, $a_2x + b_2y + c_2z = 0$, $a_3x + b_3y + c_3z = 0$ सदैव संगत होगा, यदि $\Delta = \begin{vmatrix} a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \\ a_3 & b_3 & c_3 \end{vmatrix} \neq 0$, तब इस निकाय का अद्वितीय हल, जो कि तुच्छ (Trivial) हल कहलाता है, $x = y = z = 0$ होगा। किन्तु यदि $\Delta = 0$, तब इस निकाय के अनन्त हल होंगे। अतः अतुच्छ (Non-trivial) हल के लिये $\Delta = 0$ ।

✍ विकर्ण आव्यूह में मुख्य विकर्ण का कोई भी अवयव शून्य नहीं होता है।

✍ विकर्ण आव्यूह में शून्यों की संख्या $n^2 - n$ होती है, जहाँ n आव्यूह की कोटि है।

✍ एक $n \times n$ कोटि का विकर्ण आव्यूह, जिसमें $d_1, d_2, ..., d_n$ विकर्ण के अवयव हों, उसे diag $[d_1, d_2, ..., d_n]$ से प्रदर्शित करते हैं।

✍ विकर्ण आव्यूह, उपरित्रिभुजीय तथा निम्नत्रिभुजीय दोनों प्रकार का त्रिभुजीय आव्यूह है।

✍ दो विकर्ण आव्यूहों का गुणन भी विकर्ण आव्यूह होता है, तथा diag $(a_1, a_2, ... a_n) \times$ diag $(b_1, b_2, ... b_n) =$ diag $(a_1b_1, a_2b_2, ... a_nb_n)$.

✍ दो अदिश आव्यूहों का गुणनफल भी अदिश आव्यूह होता है।

✍ यदि A तथा B दो आव्यूह इस प्रकार हों, कि AB का अस्तित्व हो, तब BA का अस्तित्व हो भी सकता है अथवा नहीं भी हो सकता है।

✍ त्रिभुजाकार आव्यूह में शून्यों की न्यूनतम संख्या $\frac{n(n-1)}{2}$ होती है, जहाँ n आव्यूह की कोटि है।

✍ एक त्रिभुजाकार आव्यूह $a = [a_{ij}]_{n \times n}$ पूर्णतः त्रिभुजाकार आव्यूह कहलाता है, यदि $a_{ij} = 0$, जबकि $1 \le i \le n$.

✍ दो त्रिभुजाकार आव्यूहों का गुणनफल त्रिभुजाकार आव्यूह होता है।

✍ यदि A अन्तर्वलनीय आव्यूह है, तब $\frac{1}{2}(I + A)$ व $\frac{1}{2}(I - A)$ वर्गसम हैं, तथा $\frac{1}{2}(I + A).(I - A) = 0$.

✍ विषम-सममित आव्यूह का ट्रेस सदैव शून्य होता है।

✍ **आव्यूह के सारणिक के गुणधर्म**

(i) $|A|$ का अस्तित्व है $\Leftrightarrow$ A वर्ग आव्यूह है।

(ii) $|AB| = |A||B|$

(iii) $|A^T| = |A|$

(iv) $|kA| = k^n|A|$, यदि A, n कोटि का वर्ग आव्यूह है।

(v) यदि A व B समान कोटि के वर्ग आव्यूह हैं, तो

$|AB| = |BA|$

(vi) यदि A, विषम कोटि का विषम सममित आव्यूह है, तो

$|A| = 0$

(vii) यदि $A = \text{diag}(a_1, a_2, ... a_n)$, तब $|A| = a_1 a_2 ... a_n$

(viii) $|A|^n = |A^n|$, $n \in N$.

✍ यदि A का एक उपसारणिक शून्य हो, तो उसके संगत उप-आव्यूह (Submatrix) अव्युत्क्रमणीय होगा तथा यदि A का उपसारणिक (Minor) शून्य नहीं है, तो संगत उप-आव्यूह व्युत्क्रमणीय होगा।

✍ कोटि 2 के वर्ग आव्यूह का सहखण्डज, आव्यूह के विकर्ण अवयवों को परस्पर परिवर्तित करके तथा अविकर्णीय अवयवों के चिन्ह परिवर्तित करके प्राप्त किया जाता है।

✍ शून्य आव्यूह (Null matrix) की रैंक परिभाषित नहीं होती है तथा प्रत्येक अशून्य आव्यूह की रैंक 1 या 1 से अधिक होती है।

✍ n कोटि के अव्युत्क्रमणीय वर्ग आव्यूह की कोटि n नहीं हो सकती है।

✍ समघातीय समीकरणों का निकाय कभी भी असंगत नहीं होता है।

Ordinary Thinking

Objective Questions

सारणिक का प्रसार, सारणिक के रूप में समीकरण का हल एवं सारणिक के गुणधर्म

1. $\begin{vmatrix} a-b & b-c & c-a \\ x-y & y-z & z-x \\ p-q & q-r & r-p \end{vmatrix} =$ [MNR 1987]

(a) $a(x+y+z)+b(p+q+r)+c$
(b) 0
(c) $abc+xyz+pqr$
(d) इनमें से कोई नहीं

2. $\begin{vmatrix} 1 & a & a^2-bc \\ 1 & b & b^2-ac \\ 1 & c & c^2-ab \end{vmatrix} =$ [IIT 1988; MP PET 1990, 91; RPET 2002]

(a) 0 (b) $a^3+b^3+c^3-3abc$
(c) $3abc$ (d) $(a+b+c)^3$

3. $\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 1 & 1+x & 1 \\ 1 & 1 & 1+y \end{vmatrix} =$ [RPET 1996]

(a) 1 (b) 0
(c) x (d) xy

4. $\begin{vmatrix} 1 & a & a^2 \\ 1 & b & b^2 \\ 1 & c & c^2 \end{vmatrix} =$ [Pb. CET 1997; DCE 2002]

(a) $a^2+b^2+c^2$ (b) $(a+b)(b+c)(c+a)$
(c) $(a-b)(b-c)(c-a)$ (d) इनमें से कोई नहीं

5. समीकरण $\begin{vmatrix} 1 & 4 & 20 \\ 1 & -2 & 5 \\ 1 & 2x & 5x^2 \end{vmatrix} = 0$ के मूल हैं

[IIT 1987; MP PET 2002]

(a) $-1,-2$ (b) $-1, 2$
(c) $1,-2$ (d) $1, 2$

6. $\begin{vmatrix} 1 & 5 & \pi \\ \log_e e & 5 & \sqrt{5} \\ \log_{10} 10 & 5 & e \end{vmatrix} =$

(a) $\sqrt{\pi}$ (b) e
(c) 1 (d) 0

7. यदि $a \ne b \ne c$, तो x का वह मान, जो समीकरण $\begin{vmatrix} 0 & x-a & x-b \\ x+a & 0 & x-c \\ x+b & x+c & 0 \end{vmatrix} = 0$ को संतुष्ट करता है, है

[EAMCET 1988; Karnataka CET 1991; MNR 1980; MP PET 1988, 99, 2001; DCE 2001]

(a) $x=0$ (b) $x=a$
(c) $x=b$ (d) $x=c$

8. सारणिक $\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 1 & 2 & 3 \\ 1 & 3 & 6 \end{vmatrix}$ निम्न में से किसके बराबर नहीं है

[MP PET 1988]

(a) $\begin{vmatrix} 2 & 1 & 1 \\ 2 & 2 & 3 \\ 2 & 3 & 6 \end{vmatrix}$ (b) $\begin{vmatrix} 2 & 1 & 1 \\ 3 & 2 & 3 \\ 4 & 3 & 6 \end{vmatrix}$

(c) $\begin{vmatrix} 1 & 2 & 1 \\ 1 & 5 & 3 \\ 1 & 9 & 6 \end{vmatrix}$ (d) $\begin{vmatrix} 3 & 1 & 1 \\ 6 & 2 & 3 \\ 10 & 3 & 6 \end{vmatrix}$

9. यदि ω इकाई का एक घनमूल हो, तो $\begin{vmatrix} 1 & \omega & \omega^2 \\ \omega & \omega^2 & 1 \\ \omega^2 & 1 & \omega \end{vmatrix} =$

[RPET 1985, 93, 94; MP PET 1990, 2002; Karnataka CET 1992; 93, 02, 05]

(a) 1 (b) 0
(c) ω (d) ω^2

10. यदि $a+b+c=0$, तो समीकरण $\begin{vmatrix} a-x & c & b \\ c & b-x & a \\ b & a & c-x \end{vmatrix} = 0$ के मूल हैं [UPSEAT 2001]

(a) 0 (b) $\pm\frac{3}{2}(a^2+b^2+c^2)$

(c) $0, \pm\sqrt{\frac{3}{2}(a^2+b^2+c^2)}$ (d) $0, \pm\sqrt{a^2+b^2+c^2}$

11. $\begin{vmatrix} 1+i & 1-i & i \\ 1-i & i & 1+i \\ i & 1+i & 1-i \end{vmatrix} =$

(a) $-4-7i$ (b) $4+7i$
(c) $3+7i$ (d) $7+4i$

12. यदि $\begin{vmatrix} x+1 & 3 & 5 \\ 2 & x+2 & 5 \\ 2 & 3 & x+4 \end{vmatrix} = 0$, तो $x =$ [MP PET 1991]

(a) 1, 9 (b) – 1, 9
(c) – 1, – 9 (d) 1, – 9

13. $\begin{vmatrix} a-b-c & 2a & 2a \\ 2b & b-c-a & 2b \\ 2c & 2c & c-a-b \end{vmatrix} =$ [RPET 1990, 95]

(a) $(a+b+c)^2$ (b) $(a+b+c)^3$
(c) $(a+b+c)(ab+bc+ca)$ (d) इनमें से कोई नहीं

14. $\begin{vmatrix} a+b & a+2b & a+3b \\ a+2b & a+3b & a+4b \\ a+4b & a+5b & a+6b \end{vmatrix} =$

[IIT 1986; MNR 1985; MP PET 1998; Pb. CET 2003]

(a) $a^2+b^2+c^2-3abc$ (b) $3ab$
(c) $3a+5b$ (d) 0

15. $\begin{vmatrix} b+c & a & a \\ b & c+a & b \\ c & c & a+b \end{vmatrix} =$

[Roorkee 1980; RPET 1997, 99; KCET 1999; MP PET 2001]

(a) abc (b) $2abc$
(c) $3abc$ (d) $4abc$

16. समीकरण $\begin{vmatrix} 1+x & 1 & 1 \\ 1 & 1+x & 1 \\ 1 & 1 & 1+x \end{vmatrix} = 0$ के मूल हैं

[MP PET 1989; Roorkee Qualifying 1998]

(a) 0, – 3 (b) 0, 0, – 3
(c) 0, 0, 0, – 3 (d) इनमें से कोई नहीं

17. समीकरण $\begin{vmatrix} x+a & b & c \\ b & x+c & a \\ c & a & x+b \end{vmatrix} = 0$ का एक मूल है

[MP PET 1988, 2002; RPET 1996]

(a) $-(a+b)$ (b) $-(b+c)$
(c) $-a$ (d) $-(a+b+c)$

18. $\begin{vmatrix} x+1 & x+2 & x+4 \\ x+3 & x+5 & x+8 \\ x+7 & x+10 & x+14 \end{vmatrix} =$ [MNR 1985; UPSEAT 2000]

(a) 2 (b) – 2
(c) $x^2 - 2$ (d) इनमें से कोई नहीं

19. $\begin{vmatrix} 1 & a & b \\ -a & 1 & c \\ -b & -c & 1 \end{vmatrix} =$ [MP PET 1991]

(a) $1+a^2+b^2+c^2$ (b) $1-a^2+b^2+c^2$
(c) $1+a^2+b^2-c^2$ (d) $1+a^2-b^2+c^2$

20. $\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ a & b & c \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix} =$ [AMU 1979; RPET 1990; DCE 1999]

(a) $a^3+b^3+c^3-3abc$ (b) $a^3+b^3+c^3+3abc$
(c) $(a+b+c)(a-b)(b-c)(c-a)$ (d) इनमें से कोई नहीं

21. $\begin{vmatrix} 0 & a & -b \\ -a & 0 & c \\ b & -c & 0 \end{vmatrix} =$ [MP PET 1992]

(a) $-2abc$ (b) abc
(c) 0 (d) $a^2+b^2+c^2$

22. $\begin{vmatrix} a & b & c \\ b & c & a \\ c & a & b \end{vmatrix} =$ [MP PET 1991]

(a) $3abc+a^3+b^3+c^3$ (b) $3abc-a^3-b^3-c^3$
(c) $abc-a^3+b^3+c^3$ (d) $abc+a^3-b^3-c^3$

23. $\begin{vmatrix} b^2-ab & b-c & bc-ac \\ ab-a^2 & a-b & b^2-ab \\ bc-ac & c-a & ab-a^2 \end{vmatrix} =$ [MNR 1988]

(a) $abc(a+b+c)$ (b) $3a^2b^2c^2$
(c) 0 (d) इनमें से कोई नहीं

24. $\begin{vmatrix} 1/a & a^2 & bc \\ 1/b & b^2 & ca \\ 1/c & c^2 & ab \end{vmatrix} =$ [RPET 1990, 99]

(a) abc (b) $\frac{1}{abc}$
(c) $ab+bc+ca$ (d) 0

25. $\begin{vmatrix} b^2+c^2 & a^2 & a^2 \\ b^2 & c^2+a^2 & b^2 \\ c^2 & c^2 & a^2+b^2 \end{vmatrix} =$ [IIT 1980]

(a) abc (b) $4abc$
(c) $4a^2b^2c^2$ (d) $a^2b^2c^2$

26. $\begin{vmatrix} 1+x & 1 & 1 \\ 1 & 1+y & 1 \\ 1 & 1 & 1+z \end{vmatrix} =$ [RPET 1992; Kerala (Engg.) 2002]

(a) $xyz\left(1+\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}\right)$ (b) xyz
(c) $1+\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}$ (d) $\frac{1}{x}+\frac{1}{y}+\frac{1}{z}$

27. यदि ω इकाई का एक घनमूल हो, तो

$\begin{vmatrix} x+1 & \omega & \omega^2 \\ \omega & x+\omega^2 & 1 \\ \omega^2 & 1 & x+\omega \end{vmatrix} =$ [MNR 1990; MP PET 1999]

(a) x^3+1 (b) $x^3+\omega$
(c) $x^3+\omega^2$ (d) x^3

28. यदि $\begin{vmatrix} y+z & x & y \\ z+x & z & x \\ x+y & y & z \end{vmatrix} = k(x+y+z)(x-z)^2$, तब $k =$

(a) $2xyz$ (b) 1
(c) xyz (d) $x^2y^2z^2$

29. यदि समीकरण $\begin{vmatrix} x & 3 & 7 \\ 2 & x & 2 \\ 7 & 6 & x \end{vmatrix} = 0$ का एक मूल – 9 हो, तो अन्य दो मूल होंगे

[IIT 1983; MNR 1992; MP PET 1995; DCE 1997; UPSEAT 2001]

(a) 2, 7 (b) – 2, 7
(c) 2, –7 (d) – 2, –7

30. यदि $A = \begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ a & b & c \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix}, B = \begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ a^2 & b^2 & c^2 \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix}, C = \begin{vmatrix} a & b & c \\ a^2 & b^2 & c^2 \\ a^3 & b^3 & c^3 \end{vmatrix}$,

तो निम्न में से कौन सा सम्बन्ध सत्य है

(a) $A = B$ (b) $A = C$
(c) $B = C$ (d) इनमें से कोई नहीं

31. $\begin{vmatrix} b+c & a-b & a \\ c+a & b-c & b \\ a+b & c-a & c \end{vmatrix} =$ [MP PET 1990]

(a) $a^3+b^3+c^3-3abc$
(b) $3abc-a^3-b^3-c^3$
(c) $a^3+b^3+c^3-a^2b-b^2c-c^2a$
(d) $(a+b+c)(a^2+b^2+c^2+ab+bc+ca)$

32. यदि a, b, c असमान हों, तो इस बात का प्रतिबंध कि सारणिक $\Delta = \begin{vmatrix} a & a^2 & a^3+1 \\ b & b^2 & b^3+1 \\ c & c^2 & c^3+1 \end{vmatrix}$ का मान शून्य होगा [IIT 1985; DCE 1999]

(a) $1+abc=0$
(b) $a+b+c+1=0$
(c) $(a-b)(b-c)(c-a)=0$
(d) इनमें से कोई नहीं

33. यदि ω इकाई का सम्मिश्र घनमूल हो, तो $\begin{vmatrix} 2 & 2\omega & -\omega^2 \\ 1 & 1 & 1 \\ 1 & -1 & 0 \end{vmatrix} =$

(a) 0 (b) 1
(c) – 1 (d) इनमें से कोई नहीं

34. $\begin{vmatrix} 19 & 17 & 15 \\ 9 & 8 & 7 \\ 1 & 1 & 1 \end{vmatrix} =$ [MP PET 1990]

(a) 0 (b) 187
(c) 354 (d) 54

